THE UNITED STATES DEPARTMENT of JUSTICE

FOR IMMEDIATE RELEASE
जून 2021
www.justice.gov

CRT
202-514-2007
TTY 866-544-5309

फोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सास में न्यायालयों की भाषा पहुंच और प्रतिशोध जांच का निपटारा करता है जस्टिस डिपार्टमेंट

वाशिंगटन - जस्टिस डिपार्टमेंट ने आज सीमित अंग्रेजी दक्षता (LEP) वाले लोगों के लिए न्यायालयों तक पहुंच में सुधार के लिए फोर्ट बेंड काउंटी (FBC) के साथ एक समझौते की घोषणा की।

यह समझौता उन आरोपों के लिए जस्टिस डिपार्टमेंट की जांच का समाधान करता है जिसमें कहा गया था कि FBC न्यायालयों ने सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले न्यायालय उपयोगकर्ताओं के साथ उनके राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव किया और एक शिकायतकर्ता के खिलाफ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई की, ये दोनों ही आरोप 1964 के सिविल राइट्स एक्ट के शीर्षक VI का उल्लंघन करते हैं। शीर्षक VI में FBC जैसी संघीय वित्तीय सहायता के प्राप्तकर्ताओं द्वारा नस्ल, रंग या राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित किया गया है। विभाग की जाँच ने भाषा अवरोधों को उजागर किया जो सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले लोगों के लिए न्यायालय प्रणाली को अर्थपूर्ण ढंग से एक्सेस करना कठिन बनाते हैं। इन अवरोधों में ऐसी आवश्यकताएं शामिल थी जिसके अनुसार सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले आपराधिक प्रतिवादी के लिए याचिका कार्यवाही में योग्य दुभाषिया के बजाय द्विभाषी वकील का उपयोग करना जरूरी था, और ऐसी नीतियां थीं जिसके परिणामस्वरूप बाल हिरासत मामलों में सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले माता-पिता के लिए न्यायालय के खर्च उच्चतर हो जाते थे।

सिविल राइट्स डिवीजन के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा, "सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले लोग अपने बच्चों, घरों और मौलिक अधिकारों के नुकसान का सामना कर सकते हैं, जब वे भाषा संबंधी बाधाओं का सामना करते हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली तक सार्थक पहुंच से वंचित करते हैं।" " सिविल राइट्स डिवीजन यह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष जारी रखेगा कि न्यायालय उन बाधाओं को दूर करें जो लोगों को समान न्याय तक पहुंच से वंचित करती हैं। सिविल राइट्स एक्टके शीर्षक VI के अनुपालन में न्यायालय के उपयोगकर्ताओं के लिए भाषा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर मैं फोर्ट बेंड काउंटी की सराहना करती हूं।"

"फोर्ट बेंड हमारे जिले में सबसे विविधतापूर्ण काउंटियों में से एक है," टेक्सास के दक्षिणी जिले के लिए कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी मार्क डोनेली ने कहा। "यह समझौता सुनिश्चित करेगा कि राष्ट्रीय मूल या सीमित अंग्रेजी दक्षता के बावजूद सभी व्यक्तियों की पहुंच हमारे न्यायालयों तक हो।"

समझौते के तहत, FBC न्यायालयों में दीवानी और आपराधिक मामलों में सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले व्यक्तियों को मुफ्त दुभाषिया सेवाएं प्रदान करेगा। FBC न्यायालय अगले वर्ष अपनी भाषा पहुंच योजनाओं की समीक्षा करेंगी, FBC न्यायालयों के लिए अनिवार्य शीर्षक VI प्रशिक्षण विकसित करेंगी, शीर्षक VI प्रतिशोध प्रशिक्षण देंगी, और सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगी जो गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में शीर्षक VI की गैर-भेदभाव नीति और शिकायत प्रक्रिया की व्याख्या करती हैं। विभाग के द्वारा इन और अन्य आवश्यकताओं की दो वर्ष तक निगरानी की जाएगी। FBC ने

सीमित अंग्रेजी दक्षता वाले उपयोगकर्ता को न्यायालय के खर्चों के लिए और प्रतिशोध का आरोप लगाने वाले व्यक्ति को हर्जाने का भुगतान करने पर भी सहमति व्यक्त की।

शीर्षक VI को लागू करना सिविल राइट्स डिवीजन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिविल राइट्स डिवीजन के बारे में अतिरिक्त जानकारी उनकी वेबसाइट www.justice.gov/crt पर उपलब्ध है और सीमित अंग्रेजी दक्षता तथा शीर्षक VI के बारे में जानकारी www.lep.gov पर उपलब्ध है। जनता नागरिक अधिकारों के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट https://civilrights.justice.gov/report/ पर कर सकते हैं।